International Journal for Multidisciplinary Research (IJFMR)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

# भारत का क्यूबा एवं डोमिनिकन रिपब्लिक के साथ स्थायी एवं निरंतर संबंध की पड़ताल

**डॉ. रवि कुमार**

**Abstract**

इस शोध पत्र में भारत का लैटिन अमेरिका के दो कैरिबियाई देश क्यूबा एवं डोमिनिकन रिपब्लिक के साथ संबंधों की पड़ताल की जायेगी। क्यूबा राजनैतिक दृष्टिकोण से 20-21वीं सदी में एक विशेष परिस्थिति में अपना अस्तित्व बचाए रखने में अहम देश है। जिसने विदेश नीति के स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण आयाम बना कर रखा है। ऐसी स्थिति में भारत का क्यूबा के साथ परस्पर संबंध की पड़ताल एक रोचक तथ्य है। दोनों देश- क्यूबा एवं डोमिनिकन रिपब्लिक वैश्विक राजनीति में उथल-पुथल के दौर से गुजरा है। यहाँ भारत-क्यूबा एवं भारत-डोमिनिकन रिपब्लिक के परस्पर संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाएगा।

**भारत का क्यूबा के साथ संबंध**

भारत सरकार द्वारा वर्ष 1997 में 'Focus LAC' कार्यक्रम जारी होने के पहले से ही क्यूबा के साथ अच्छे संबंध होने की बात को स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि दो पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और श्री नरसिम्हा राव वर्ष 1985 एवं 1989 में क्यूबा गए थे। क्यूबा के राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो का भारत में आगमन वर्ष 1973 एवं 1983 में हुआ था। दो और महत्वपूर्ण अवसर है; एक जब 1959 में Che Guevara भारत आए और दूसरा जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू वर्ष 1960 में न्यूयार्क में क्यूबा के राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो से मिले। इसके अलावा विदेश राज्य मंत्री सलमान खुर्शीद 1993 में क्यूबा गए। क्यूबा के विदेश मंत्री का आगमन वर्ष 1994 एवं 1997 में हुआ। वर्ष 1996 में क्यूबा के नेशनल असेंबली (Cuban National Assembly) के अध्यक्ष रिकार्डो अलारकोन (Ricardo Alarcon) का भारत आगमन हुआ। (mea.gov.in एवं eoi.gov.in/havana)

वर्ष 1999 से संबंधों में निरंतरता दिखती है जब राज्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का क्यूबा जाना हुआ फिर वर्ष 2000 में मानव संसाधन विकास एवं विज्ञान एवं तकनीकी मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी का और वर्ष 2001 में लोक सभा स्पीकर जी. एम. सी. बालायोगी गए। वर्ष 2004 में क्यूबा के उप विदेश मंत्री का भारत आगमन एवं 2005 में राज्यमंत्री इंदरजीत सिंह एवं 2006 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, श्री आनंद शर्मा का क्यूबा जाना हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्ष 2007 से दोनों देशों के बीच गतिविधियां तेज हुई। भारत की ओर से राज्यमंत्री आनंद शर्मा, खेल मंत्री मणिशंकर अय्यर, मंत्री विलास बी. मुत्तेमवार एवं लोक सभा सदस्य के रूप में श्री राहुल गांधी का जाना हुआ। इसी वर्ष क्यूबा के विदेश मंत्री, क्यूबा के संसद का उपाध्यक्ष, खेल के पहले उपमंत्री का भारत आगमन हुआ। इस तरह से संपर्कों में निरंतरता बनी रही है। फलस्वरूप, दोनों देशों ने द्विपक्षीय वाणिज्य, विज्ञान एवं तकनीकी, खेल, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नवीकरणीय ऊर्जा एवं उपभोक्ता सुरक्षा आदि पर अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के संयुक्त आयोग के बैठक की भी व्यवस्था की गई थी। (eoi.gov.in/havana एवं mea.gov.in)

**आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग**

आर्थिक सहयोग भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) के माध्यम से संचालित है। मुख्य निर्यात दवाइयाँ, मेडिकल उपकरण, जैविक रसायन, धातु/कपड़ा/प्लास्टिक/खनिज तेल उत्पाद, आदि एवं आयात में तंबाकू उत्पाद एवं दवाइयाँ शामिल है। ऐसा अवलोकन किया जा सकता है वर्ष 2014 में मोदी सरकार आगमन के पश्चात भी गतिविधियां जारी रही और कई नए पहल लिए गए। कई उच्च स्तरीय बैठकें हुईं तथा परस्पर सहयोग हेतु विशेष निर्णय लिए गए। वर्ष 2014 में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय एवं हवाना विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु हस्ताक्षर किए गए, 2015 में राजनयिक पासपोर्ट धारक के लिए वीजा छूट पर सहयोग एवं 2017 में स्वास्थ्य एवं मेडिसिन के क्षेत्र में सहयोग के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। वर्ष 2017 में भारत सरकार के मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने क्यूबा के विदेश, वाणिज्य एवं निवेश मंत्री के निमंत्रण पर भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (FIEO) व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल के साथ आधिकारिक भेंट वार्ता हेतु गए। इस यात्रा के दौरान उन्होने हवाना अंतरराष्ट्रीय मेला का उदघाटन किया जिसमें वहाँ के विदेश, वाणिज्य एवं निवेश का प्रथम उपमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री उपस्थित रहे। इस दौरान FIEO एवं क्यूबन चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच दवाई, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्रौधोगिकी, चीनी, पर्यटन, आधारिक संरचना विकास में सहयोग हेतु अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। (mea.gov.in एवं eoi.gov.in/havana)

श्री रामनाथ कोविंद भारत के पहले राष्ट्रपति बने जो वर्ष 2018 में उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के साथ क्यूबा गए। इस समय पारंपरिक चिकित्सा एवं जैव प्रौधोगिकी के क्षेत्र में दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। (presidentofindia.nic.in) फलस्वरूप, वर्ष 2018 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर में लगभग 45 भारतीय कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस प्रकार व्यापारिक गतिविधियां बढ़ीं जो भविष्य में आर्थिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग की संभावना को मज़बूती प्रदान करता है। भारत सरकार ने कई क्षेत्रों में क्यूबा को लाइन ऑफ क्रेडिट (Line of Credit) प्रदान किया है। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि 2017-18 तक द्विपक्षीय व्यापार 43.86 USD मिलियन

पहुंचा जो वर्ष 2010-11 में 27.66 USD मिलियन था। (वाणिज्य मंत्रालय, भारत) जबकि विगत कई वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उतार-चढाव बना रहा। ऐसा प्रतीत होता है कि द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने हेतु सरकार प्रयासरत है। सांस्कृतिक क्षेत्र में क्यूबा ने भारत के ख्याति प्राप्त व्यक्तित्व यथा – गांधी, नेहरू, टैगोर एवं मदर टेरेसा को गरिमामय उपस्थिति प्रदान की है। भारतीय अध्यात्मिकता, योग, कला, पारंपरिक नृत्य, खान-पान आदि को भी क्यूबा के समाज ने सम्मान दिया एवं रुचि ली। (eoi.gov.in/havana एवं mea.gov.in)

**भारत – डोमिनिकन रिपब्लिक संबंध**

भारत का डोमिनिकन रिपब्लिक के साथ संबंध पिछले दो दशकों से निरंतरता में बनी हुई है। दोनों देशों के बीच वर्ष 1999 में संबंध स्थापित हुआ, संबंध निरंतरता हेतु वर्ष 2001 में विदेश कार्यालय सलाह हेतु अनुबंध (MoU) हस्ताक्षरित किए गए। वर्ष 2004 में डोमिनिकन रिपब्लिक ने भारत में राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की इच्छा भारतीय विदेश राज्य मंत्री के समक्ष प्रकट की। वर्ष 2006 में डोमिनिकन रिपब्लिक के विदेश मंत्री 12 व्यवसायिक प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल (सूचना प्रौधोगिकी, निवेश, विज्ञान एवं प्रौधोगिकी, उच्चतर शिक्षा, पर्यटन के मंत्रियों का दल) का भारत आगमन हुआ। द्विपक्षीय सहयोग पर सहमति बनी। फलस्वरूप 2006 में डोमिनिकन रिपब्लिक ने भारत में राजदूतावास खोला। संबंधों की निरंतरता बनी हुई है।

*भारत की ओर से उच्च स्तरीय दल* (सहयोग, सहमति, अनुबंध हेतु)

2004, 2007, 2010 – विदेश राज्य मंत्री

2012 – सचिव (पश्चिम), विदेश मंत्रालय संयुक्त सचिव (LAC) क्यूबा में भारत के राजदूत

2015, 2019 - विदेश राज्य मंत्री *डोमिनिकन रिपब्लिक की ओर से उच्च स्तरीय दल* (सहयोग, सहमति, अनुबंध हेतु)

2006 – विदेश मंत्री (उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ)

2008 – उप-विदेश मंत्री

2011 – राष्ट्रपति, डोमिनिकन रिपब्लिक (भारतीय प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री से भेंट वार्ता) (mea.gov.in, dominicanembassy.in)

**महत्वपूर्ण अनुबंध /सहयोग/सहमति**

2008 – आईटी केंद्र की स्थापना (दक्षिण-दक्षिण सहयोग के अंतर्गत)

2010 – आईटी सेंटर फॉर एक्सेलेंस (अनुबंध /एमओयू)

2011 – वायु सेवा सहयोग सहमति

2015 – नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर सहमति

2017 – विदेश सेवा संस्थान, विदेश मंत्रालय, भारत एवं राजनयिक एवं कॉनसुलर प्रशिक्षण हेतु उच्चतर शिक्षा संस्थान, विदेश मंत्रालय, डोमिनिकन रिपब्लिक के बीच अनुबंध (एमओयू)

2019 – राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट धारकों हेतु वीजा छूट पर सहमति (mea.gov.in, dominicanembassy.in)

**आर्थिक सहयोग**

2006 – USD 50,000/- (जीवन रक्षक दवा)

1999 से ITEC सहयोग जारी

**सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंध**

वर्ष 2002 से लगातार क्यूबा में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें 2006 में गांधी प्रदर्शनी, 2008 एवं 2015 में राजस्थानी नृत्य, 2012 में हिंदुस्तान कलारी संगम द्वारा प्रस्तुति, 2013, 2014 एवं 2017 में भारतीय भोजन उत्सव, 2014 एवं 2016 में भारतीय फ़िल्म उत्सव, 2017 में कथक नृत्य एवं हेरिटेज आर्किटेक्चर ऑफ इंडिया (Heritage Architecture of India) विषय पर फोटो प्रदर्शनी, 2019 में गांधी जी के सम्मान में पोस्टल स्टाम्प जारी। (mea.gov.in) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन निरंतरता में बनी रही। यहाँ भारतीय समुदाय की उपस्थिति बहुत कम है जो मुख्यतः सेवा क्षेत्र एवं व्यवसाय से जुड़े हैं।

डोमिनिकन रिपब्लिक भारत के साथ व्यावसायिक संबंध को व्यापक बनाने में प्रयासरत है। भारत कपड़े, दवाइयाँ, केमिकल एवं प्लास्टिक उत्पाद, चाय, खाद्य उत्पाद (फूड प्रोडक्टस), फर्नीचर, धातु आदि निर्यात करने में सम्मिलित है। भारत वहाँ से मुख्यतः सोना आयात करती है।

निष्कर्ष : भारत का क्यूबा के साथ संबंध स्थायित्व एवं निरंतरता में बनी रही है। दोनों देशों ने समय-समय पर विशेष पहल लेकर संबंध के स्थायित्व को बचाए रखने में रुचि ली है, जो अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी देखा गया है। डोमिनिकन रिपब्लिक भारत के साथ संबंध को व्यापकता की ओर ले जाने की पहल की है। संबंध की महत्ता को देखते हुए सबका साथ सबका विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के परिप्रेक्ष्य में भारत में डोमिनिकन रिपब्लिक भारतीय मिशन खोलने की घोषणा वर्ष 2020 में की है। (PIB, Delhi) भारत का क्यूबा एवं डोमिनिकन रिपब्लिक के साथ व्यापारिक संबंध संकुचित होने के बावजूद राजनैतिक एवं राजनयिक संबंध सराहनीय है जिसने संबंधों को स्थायी एवं निरंतरता में बनाए रखा है।

**संदर्भ :**


1. Badri-Maharaj, Sanjay (April 2017). *India's relations with the Latin America-Caribbean Region Prospects and Constraints*, New Delhi: Institute for Defense Studies and Analyses. Extracted from https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf
2. Shidore, Sarang (2013). *New Frontiers in South-South Engagement Relationship between India and Latin America & the Caribbean*, New Delhi: Indian Council of World Affairs. Extracted from https://www.icwa.in/WriteReadData/RTF1984/1498127834.pdf
3. https://eoi.gov.in/havana/?1640?000
4. https://mea.gov.in/Images/pdf/india-cuba-relations-11-06-2012-press-release.pdf
5. http://164.100.117.86/Portal/ForeignRelation/India-Cuba_Bilateral_Dec_2018.pdf
6. http://www.xinhuanet.com/english/2018-06/23/c_137274503.htm
7. https://eoi.gov.in/havana
8. https://www.dominicanembassy.in/bilateral-ties
9. https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/domnician_Bilateral_Aug_2019.pdf
10. https://en.wikipedia.org/wiki/Dominican_Republic%E2%80%93India_relations
11. https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/indian-missions-in-estonia-paraguay-and-the-dominican-republic
12. https://oec.world/en/profile/bilateral-country/ind/partner/dom
13. https://www.cgihcmc.gov.in/docs/1609838581Opening%20of%203%20Indian%20Missions.pdf
14. https://www.scielo.br/j/rbpi/a/P7TF6rvYHV67DCqnZ3rzdbR/?format=pdf&lang=en
15. https://www.cepal.org/en/publications/3021-india-and-latin-america-and-caribbean-opportunities-and-challenges-trade-and
16. https://tourism.gov.in/sites/default/files/2020-04/India%20Tourism%20Statistics%202019.pdf
17. https://www.eximbankindia.in/Assets/Dynamic/PDF/Publication-Resources/ResearchPapers/OP/94file.pdf
18. https://www.financialexpress.com/defence/india-is-playing-a-very-major-role-in-the-world-says-ambassador-hans-dannenberg-castellanos/2141672/
19. https://www.epw.in/engage/article/indias-trade-outreach-needs-pivot-towards-latin
20. https://ficci.in/pressrelease/730/press-2feb-dominiq.pdf


21. ***(Dr. Ravi Kumar, Assistant Professor, Mahatma Gandhi International Hindi University, Wardha, Maharashtra-442001),*** **E-mail: jnu.ravi@gmail.com**